हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 30 मार्च 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited NIRF 2025 Ranked: 101-150 | 50+ Acre Campus | 130+ Programs | 8000+ Students from 33 Countries | 400+ Recruitment Partners

Where Words Become **Weapons.**

**BA LLB**
**BBA LLB**
**LLB**
**LLM**

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

Specialisations in **LLM** (Select any Two) - Cyber Law, Crime and Torts, Business and Corporate Law, Intellectual Property Rights (IPR), Constitutional & Administrative Law, Labour Law



**Practical Legal Training**
Pro Bono Club
Moot Court
Legal Aid Clinic

BE DIFFERENT! BE BETTER! BE AHEAD!

**Benefits you can avail when you apply early:**
- *Priority program selection*
- *Access to exclusive scholarship opportunities*
- *Preferred hostel room allotment*
- *One-to-one career counselling Session by expert counsellor*
- *Guidance on the latest education policy and curriculum structure*
- *Access to centres of excellence and new-age program information*

**CLAT and LSAT score card accepted**

Top Recruiters:
KPMG, BCG, Deloitte, PWC, Luthra & Luthra Law Offices, Clutch Group, Pangea3

**OUR PROGRAMS**

PHARMACY
**D.Pharmacy**
**B.Pharmacy**
**M.Pharmacy**
**Pharm.D**

ARTS & HUMANITIES
**BA | BA (J & MC) | BSW**
**BA (Lib. Arts) | MA | MSW**
**MA (J & MC)**

COMMERCE
**B.Com.**
**B.Com. Hons.**
(in Banking & Finance)
{Includes GST & Taxation}
**M.Com.**
**M.Com.**
(Banking & Finance)

EDUCATION
**B.P.Ed | B.Ed**
**MA.Ed. | MA.(P.Ed)**

DESIGN
**Bachelor of Fashion Design**
**Bachelor of Interior Design**
**Master of Fashion Design**
**Master of Interior Design**

RESEARCH
**Ph.D.**

LIBRARY SCIENCE
**B.Lib.**
**M.Lib.**

SCIENCE
**B.Sc.**
**M.Sc.**

INFORMATION TECHNOLOGY
**DCA | PGDCA**
**MCA**

YOGA
**Diploma**
**B.Sc.**
**PG Diploma**
**M.Sc.**

MANAGEMENT
**BBA**
**MBA**

ENGINEERING
**Diploma | B.Tech**
**M.Tech**

**NEW-AGE PROGRAMS**

**BBA** (With **FINTECH** as a specialisation) | BCA in **AI & ML** | B.CS & M.CS in **AI & ML and Cybersecurity** | B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science** | BBA in **Film Making** In collaboration with | B.Tech CS in **AI & ML** In collaboration with IBM Innovation Centre for Education | Master of **Data Science** | BCA Specialisation in **Game Development with AI** | Bachelor & Master of **Animation & VFX**

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

SCAN THE **QR CODE**
To Register for our Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

## खबर संक्षेप



### जिला भाजयुमो में नियुक्ति, विनोद बने अंजोरा मंडल के अध्यक्ष

**दुर्ग।** प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा के निर्देशानुसार जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा में मंडलों के अध्यक्षों नियुक्ति की गई। जिसमें अंजोरा मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष विनोद साहू एवं महामंत्री चमन यादव को नियुक्त किया गया। नियुक्ति के पश्चात अध्यक्ष विनोद साहू व महामंत्री चमन यादव ने युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हिमांशु सिंह और जिला नेतृत्व का आभार जताया है। साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, दुर्ग जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन, जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू, जिला मंत्री गिरिश साहू, माया बेलचंदन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष तेखन सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिनेश देशमुख, मुकेश बेलचंदन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा, शिव निषाद जिला संयोजक मछुवारा प्रकोष्ठ, हेमंत सिन्हा अंजोरा मंडल अध्यक्ष, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर यादव, चेतन साहू मंडल महामंत्री, खेमलाल साहू का आभार माना है।

### सामान्य सभा की बैठक 2 अप्रैल को

दुर्ग। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 02 अप्रैल को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर एक बजे आयोजित की गई है। बैठक में गौधाम योजना, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, जल संसाधन, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्य सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

### पोयला बैशाख पर बंगाली समाज का आयोजन 15 को

**भिलाई।** भिलाई बंगाली समाज बीबीएस द्वारा बंगाली नववर्ष के अवसर पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके तहत 15 अप्रैल पोयला बैशाख को ओपन एयर थियेटर सिविक सेंटर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बंगाल के उभरते हुए सिंगर प्रणय मजूमदार द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

# जिला सहकारी बैंक को मिलेगा नया भवन, केबिनेट मंत्री गजेन्द्र ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

## सहकारिता को सशक्त करने की दिशा में एक और कदम : यादव





जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के मुख्यालय में नवीन भवन के निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि लगभग 2.77 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाला यह आधुनिक भवन क्षेत्र के किसानों, खाताधारकों और आमजन को बेहतर व सुलभ बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। नवीन भवन के निर्माण से सहकारिता क्षेत्र को नई मजबूती मिलेगी, साथ ही किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। बरसो पुराने बने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का नवीन भवन बनाने सालों से मांग की जा रही थी।

मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि सहकारिता केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक सशक्त विचारधारा है, जो सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को साकार करती है। सहकारिता के माध्यम से छोटे और सीमांत किसान भी संगठित होकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार सहकारिता है। जब किसान, मजदूर और आमजन एक साथ मिलकर कार्य करते हैं, तो विकास की गति कई गुना बढ़ जाती है। सहकारी बैंक किसानों को सरल ऋण सुविधा, बीज, खाद और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भूमिपूजन में सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, उपाध्यक्ष नरेश यदु, भाजपा प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिला महामंत्री दिलीप साहू, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, महापौर अलका बाघमार, जिला पंचायत सदस्य पवन शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, बैंक के सीईओ सुनील वर्मा, पार्षदगण एवं मंडल अध्यक्षगण सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सिस्टम पटरी पर लेकिन राहत अधूरी, सुबह से लाइन और दोपहर तक इंतजार

# उपभोक्ताओं को राहत नहीं, गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें, ऑनलाइन बुकिंग अब भी सुस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

## कॉमर्शियल गैस वितरण फिलहाल पूरी तरह बंद

घरेलू गैस वितरण व्यवस्था धीरे-धीरे सामान्य हो रही है, लेकिन आम लोगों की परेशानी अभी खत्म नहीं हुई है। शहर की गैस एजेंसियों के बाहर आज भी सुबह से लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। लोग अल सुबह ही एजेंसियों के बाहर पहुंचकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए, वहीं कई लोगों को दोपहर तक लाइन में खड़े रहना पड़ा।

दरअसल, ऑनलाइन गैस बुकिंग सिस्टम अब भी पूरी तरह सुचारू नहीं हो पाया है। सर्वर की धीमी गति के कारण उपभोक्ताओं को बुकिंग करने में दिक्कतें आ रही हैं। कई लोग बार-बार प्रयास के बाद भी बुकिंग नहीं कर पा रहे हैं, जिससे मजबूर होकर उन्हें एजेंसी पहुंचना पड़ रहा है। इसका सीधा असर एजेंसियों के बाहर बढ़ती भीड़ के रूप में दिख रहा है। स्थिति यह है कि सिस्टम सामान्य होने के दावों के बावजूद जमीनी स्तर पर उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल पा रही है। खासकर बुजुर्ग और महिलाओं को घंटों लाइन में खड़े रहने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं, होटलों और व्यावसायिक उपयोग के लिए कॉमर्शियल गैस वितरण फिलहाल पूरी तरह बंद है। इससे छोटे-बड़े होटल संचालकों की भी परेशानी बढ़ गई है। हालांकि सुपेला स्थित एक गैस एजेंसी के प्रतिनिधि ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में कॉमर्शियल गैस की सप्लाई भी पहले की तरह सामान्य हो जाएगी।





### दुर्ग जिले में घरेलू गैस उपभोक्ताओं की संख्या करीब 4 लाख के पार

अगर घरेलू गैस उपभोक्ताओं की बात करें तो दुर्ग जिले में इनकी संख्या काफी बड़ी है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, इंडेन गैस के 2,21,715 उपभोक्ता हैं, जबकि भारत गैस के 70,241 उपभोक्ता दर्ज किए गए हैं। दूसरे कंपनियों को मिलाकर जिले में कुल घरेलू गैस उपभोक्ताओं की संख्या करीब 4 लाख के आसपास पहुंचती है। इतनी बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के होने के कारण गैस वितरण व्यवस्था पर दबाव साफ देखा जा रहा है। जानकारों के अनुसार ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम की धीमी गति और वितरण में आ रही दिक्कतों का असर सीधे इतने बड़े उपभोक्ता वर्ग पर पड़ रहा है, जिससे एजेंसियों के बाहर भीड़ और लंबी कतारों की स्थिति बन रही है।

### गैस सिलेंडर वितरण के नियमों में समय-समय पर बदलाव

गैस सिलेंडर वितरण को लेकर नियमों में पिछले कुछ समय में कई बार बदलाव किए गए हैं। पहले उपभोक्ताओं को हर 15 दिन में गैस सिलेंडर मिल जाता था, जिससे घरेलू जरूरतें आसानी से पूरी हो जाती थीं। इसके बाद व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए नए नियम लागू किए गए। इनमें सिंगल सिलेंडर कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं के लिए 25 दिन, डबल सिलेंडर कनेक्शन वालों के लिए 35 दिन और उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए 45 दिन बाद सिलेंडर देने की समय-सीमा तय की गई। हालांकि, बाद में इसमें आंशिक सुधार करते हुए डबल सिलेंडर कनेक्शन वालों की समय-सीमा में 10 दिन की कमी कर दी गई। इसके बाद स्थिति कुछ हद तक सामान्य हुई। वर्तमान में लागू व्यवस्था के अनुसार, सिंगल और डबल सिलेंडर कनेक्शन रखने वाले उपभोक्ताओं को 25 दिन के अंतराल में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है, जबकि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए यह अवधि 45 दिन निर्धारित है।

# किसानों के प्रयासों की पीएम ने की तारीफ, नवाचार को बताया प्रेरणादायी



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

■ विधायक ललित चंद्राकर ने सुनी मन की बात

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने निवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 132वीं कड़ी सुनी। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि यह देशभर में हो रहे सकारात्मक नवाचारों और जनभागीदारी को राष्ट्रीय मंच देता है।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री ने कोरिया जिले के किसानों द्वारा किए जा रहे जल संरक्षण कार्यों की सराहना की, जो छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह साबित करता है कि प्रदेश में जमीनी स्तर पर हो रहे प्रयास अब राष्ट्रीय पहचान बना रहे हैं। उन्होंने आवा पानी झोंकी जैसे नवाचार का जिक्र करते हुए बताया कि किसानों ने अपने खेतों में रिचार्ज तालाब और सोख्ता गड्ढों का निर्माण कर वर्षा जल को सहेजने का सराहनीय कार्य किया है। इससे भूजल स्तर में सुधार हो रहा है और यह मॉडल अन्य क्षेत्रों के लिए भी एक उदाहरण बनता जा रहा है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है। छत्तीसगढ़ में भी इसे जनभागीदारी से जोड़कर व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि जल संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और इसमें सक्रिय भागीदारी निभाएं। ललित चंद्राकर ने कहा कि जनभागीदारी की ताकत से जल संरक्षण को और मजबूत करते हुए छत्तीसगढ़ को जल-संपन्न और समृद्ध भविष्य की ओर ले जाने का संकल्प है। उन्होंने भरोसा जताया कि राज्य सरकार नवाचार, सहभागिता और सुशासन के माध्यम से विकास की नई दिशा तय कर रही है।

### विधायक ललित का निवास व कार्यालय स्थानांतरित

**दुर्ग।** विधायक ललित चंद्राकर का निवास और कार्यालय स्थानांतरित हो गया है। निवास एफ-1 और कार्यालय एफ-6, गोंडवाना भवन के पास, सिविल लाइंस दुर्ग में शिफ्ट हो गया है। अब जनदर्शन, भेंट और सभी विभागीय व जनसमस्या संबंधी कार्य अब कार्यालयीन समय में ही संपादित किए जाएंगे।

# दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 65 लाख रुपए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग




कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में जनहित के विभिन्न कार्यों के लिए कुल 65 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक ललित चंद्राकर द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत दुर्ग द्वारा किया जाएगा।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत राशि से क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में अधोसंरचना विकास के कार्य कराए जाएंगे। इसमें ग्राम पंचायत खोपली और ग्राम पंचायत डुमरडीह के वार्ड-19 के पास सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण हेतु क्रमशः 7-7 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत हनोदा के सतनाम पारा तथा ग्राम पंचायत पाउवारा के महार पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 8-8 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है। ग्राम पंचायत पाउवारा में ही विभिन्न गलियों में नाली निर्माण हेतु 3 लाख रुपए तथा ग्राम पंचायत पुरई के राजपूत पारा में सामुदायिक भवन के पास बाउंड्रीवाल व इंटरलॉकिंग कार्य हेतु 8 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार हेतु ग्राम पंचायत कोलिहापुरी (सतनाम पारा) एवं ग्राम पंचायत कोनारी के पंचायत भवन में डोम शेड निर्माण के लिए 8-8 लाख रुपए तथा ग्राम पंचायत जंजगिरी के बाजार पारा में सार्वजनिक कला मंच के पास डोम शेड निर्माण हेतु 8 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## सेवानिवृत्ति पर डॉ. खान व डॉ. कल्पना को स्टॉफ क्लब में दी गई बिदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, स्थित डॉ. राधा कृष्णन सभागार में शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे दो प्राध्यापकों डॉ. एके खान (अर्थशास्त्र विभाग) तथा डॉ. कल्पना अग्रवाल (इतिहास विभाग) कोमहाविद्यालय के स्टॉफ क्लब द्वारा समारोहपूर्वक बिदाई दी गयी। यह महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि डॉ. एके खान ने लगभग 40 वर्षों की शासकीय सेवा के पश्चात ऐच्छिक सेवानिवृत्ति ली तथा डॉ. कल्पना अग्रवाल लगभग 25 वर्षों की शासकीय सेवा पूर्णकर 65 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ति हुई।

इस अवसर पर दोनों प्राध्यापकों के परिजन भी उपस्थित थे। सरस्वती वंदना के साथ आरंभ हुए कार्यक्रम में अतिथियों का श्रीफल, शॉल एवं पौधा तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत करने वालों में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह, अर्थशास्त्र के विभागागध्यक्ष डॉ. के. पद्मावती भौतिक शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. जगजीत कौर सलूजा, महाविद्यालय के मुख्य लिपिक संजय यादव तथा चतुर्थ श्रेणी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी टीकम यादव शामिल थे।

# सूकर पालन जनजातीय समुदाय की आय वृद्धि का प्रभावी साधन : डॉ. सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति घटक आदिवासी उपयोजना, शिक्षा, योजना एवं गृह विज्ञान विभाग द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के सहयोग से संचालित टीएसपी प्रोजेक्ट कोंडागांव जिले के जनजातीय समुदाय की आजीविका सुरक्षा में सुधार के लिए उन्नत सूकर नस्ल इम्पूरव्ड पिगरी जर्मप्लास्म का परिचय के तहत आयोजित 5 दिवसीय वैज्ञानिक सूकर पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया।

यह प्रशिक्षण निदेशालय विस्तार शिक्षा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें कुल 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में कोंडागांव जिले के विभिन्न ग्रामों नाहकानार, चेमा, आदनार, बादालूर, मर्दापाल, रानापाल एवं हथकली से आए किसानों की भागीदारी रही।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सूकर पालन की वैज्ञानिक तकनीकों, उन्नत नस्ल प्रबंधन, संतुलित आहार, आवास प्रबंधन, रोग नियंत्रण, टीकाकरण, जैव सुरक्षा, लागत-लाभ विश्लेषण, विपणन एवं उद्यमिता विकास से संबंधित सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह ने वैज्ञानिक सूकर पालन को जनजातीय समुदाय की आय वृद्धि का प्रभावी साधन बताते हुए इसे अपनाने पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता डॉ. एसपाल, कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया एवं निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. एमके गेंदले, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दिलीप चौधरी उपस्थित रहे।

## अप्रैल से जून तक तीन चरणों में चलेगा राजस्व पखवाड़ा

# राजस्व प्रकरणों का निपटारा होगा जल्दी, लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

■ नामांतरण, सीमांकन और त्रुटि सुधार जैसे प्रकरणों का होगा निराकरण

छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रदेश भर में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व पखवाड़ा 2026 का आयोजन किया जा रहा है । कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के राजस्व न्यायालयों के कार्यों को सुचारू बनाना, समय-सीमा के बाहर लंबित प्रकरणों का निराकरण करना और आम जनता की समस्याओं को मौके पर ही हल करना है। शासन के निर्देशानुसार यह पखवाड़ा वर्ष 2026 में तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रथम चरण 1 से 15 अप्रैल तक, द्वितीय चरण 4 से 18 मई तक और तृतीय चरण 1 से 15 जून तक संचालित होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अप्रैल माह में विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित होंगे। तहसील दुर्ग के अंतर्गत प्रथम चरण के लिए ग्रामवार रोस्टर तैयार किया गया है, जिसके तहत निर्धारित तिथियों पर विभिन्न ग्राम पंचायतों और नगरीय क्षेत्रों में शिविर लगाए जाएंगे। इसके अंतर्गत 1 अप्रैल 2026 को ग्राम पंचायत बोरई, ग्राम पंचायत कोटनी, ग्राम पंचायत नगपुरा, ग्राम पंचायत ढाबा, ग्राम पंचायत भेड़सर और ग्राम पंचायत सिरसाखुर्द में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### ऐसा है राजस्व पखवाड़े का शेड्यूल

**2 अप्रैल** को ग्राम पंचायत जेवरा, ग्राम पंचायत करंजा भिलाई, ग्राम पंचायत अरसनारा, ग्राम पंचायत ननकट्ठी और ग्राम पंचायत खेदामारा में राजस्व कार्यों का संपादन होगा।

**3 अप्रैल** के लिए ग्राम पंचायत ढौर, ग्राम पंचायत कुटेलाभाठा और ग्राम पंचायत चिखली में शिविर स्थल निर्धारित किए गए हैं।

**6 अप्रैल** को नगर निगम दुर्ग के अंतर्गत आने वाले करहीडीह, उरला, सिकोला, बघेरा, दुर्ग शहर और पुलगांव क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित होंगे।

**7 अप्रैल** को ग्राम पंचायत गनियारी, ग्राम पंचायत रसमड़ा, ग्राम पंचायत महमरा, ग्राम पंचायत अंजोरा (ख) और ग्राम पंचायत कोलिहापुरी में शिविर लगाए जाएंगे।

**8 अप्रैल** को ग्राम पंचायत चंगोरी, ग्राम पंचायत भोथली और ग्राम पंचायत तिरगा में राजस्व संबंधी आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

9 अप्रैल 2026 को एक विस्तृत अभियान के तहत ग्राम पंचायत निकुम, ग्राम पंचायत आलबरस, ग्राम पंचायत अछोटी, ग्राम पंचायत अण्डा, ग्राम पंचायत रिसामा, ग्राम पंचायत कुथरेल, ग्राम पंचायत कोनारी, ग्राम पंचायत भानपुरी और ग्राम पंचायत चंदखुरी में आयोजन होगा।

**10 अप्रैल** को नगर पंचायत उतई के साथ-साथ ग्राम पंचायत धनोरा, ग्राम पंचायत पुरई, ग्राम पंचायत पाउवारा, ग्राम पंचायत खोपली, ग्राम पंचायत मातरोडीह और ग्राम पंचायत मचान्दुर में शिविर लगेंगे।

**13 अप्रैल** को नगर निगम दुर्ग के पोटियाकला, बोरसी, कसारीडीह, तितुरडीह और कातुलबोड़ क्षेत्रों में समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

15 अप्रैल 2026 को इस चरण के अंतिम दिन नगर निगम भिलाई नगर के जुनवानी, खम्हरिया, कोहका, कुरूद, सुपेला और नगर निगम रिसाली के रूआबाधा, रिसाली, डुडेरा सहित ग्राम पंचायत दूमरडीह में शिविरों का आयोजन सुनिश्चित किया गया है ।

### पखवाड़े में होंगे ये कार्य

इन पखवाड़ा के दौरान राजस्व प्रशासन द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से अविवादित नामांतरण और अविवादित खाता विभाजन के उन प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा जो समय-सीमा से बाहर हो चुके हैं इसके साथ ही ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सीमांकन, व्यपवर्तन और वृक्ष कटाई के लंबित मामलों को सुलझाया जाएगा नक्शा बंटाकन की प्रगति सुनिश्चित करने के साथ ही भूमिस्वामी के खातों में आधार, मोबाइल नंबर, किसान किताब और जेंडर की प्रविष्टि का कार्य भी शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाएगा। शिविर स्थल पर प्राप्त होने वाले नए आवेदनों, जैसे फौती नामांतरण, बंटवारा आदि का निराकरण किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ी लोक संगीत वेशभूषा व वाद्य यंत्रों पर हुई कार्यशाला



**भिलाई।** नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय में लोक संगीत विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य एवं आहार्य (वेशभूषा) विषय पर दो दिवसीय कौशल उन्नयन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति पारंपरिक नृत्य शैलियों, वेशभूषा, आभूषण एवं लोक वाद्य यंत्रों की जानकारी प्रदान करना था। कार्यशाला के लिए मुख्य विशेषज्ञ लोक कलाकार सुश्री रोशनी वर्मा उपस्थित थीं, जिन्होंने अनेक मंचीय प्रस्तुति और फिल्म के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कि लोक कलाएं अत्यधिक समृद्ध हैं। प्राचार्य डॉ ऋचा ठाकुर ने कहा इस कार्यशाला के माध्यम से कौशल विकास होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का ये अहम हिस्सा है। लोक नृत्य कि प्राध्यापिका भारती साहू ने कार्यशाला के मुख्य बिंदुओं को बताया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में विद्यार्थियों को सुआ नृत्य एवं राउत नाचा के विषय में विस्तारपूर्वक बताया गया, जिसमें पारंपरिक वेशभूषा, आभूषण एवं उनके महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही नृत्य में उपयोग होने वाले पारंपरिक वाद्य यंत्रों की जानकारी भी प्रदान की गई। द्वितीय सत्र में विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोक नृत्यों सैला नृत्य, परब नृत्य एवं रेला नृत्य के बारे में विस्तार से बताया गया।




## खबर संक्षेप

### पुलिस की दबिश में पकड़े गए तीन सटोरिये



**भिलाई।** अलग-अलग तीन स्थानों पर नंदिनी पुलिस ने दबिश देकर तीन सटोरिया को गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से जुआ सट्टा संचालित करने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने ग्राम बानबरद, वार्ड 15 8, 3 जयस्तंभ चौक अहिवारा क्षेत्र से ग्राम बानबरद निवासी ज्ञानिक निर्मलकर, वार्ड 8 अहिवारा विश्वनाथ साहू, जयस्तंभ चौक अहिवारा करन सिंह मारकण्डे को गिरफ्तार किया गया। सटोरियों से पुलिस ने नगद रकम 41 हजार 240 रुपए, तीन मोबाइल, सट्टा पट्टी कापी पेन जब्त किया गया। कुल 67 हजार के सामान भी जब्त किए गए है।

### नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई



**भिलाई।** नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने शिकंजा कसते हुए कार्रवाई किया है। जिले के प्रमुख मार्गों, चिन्हित ब्लैक स्पॉट, ग्रे स्पॉट क्षेत्रों में नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई किया गया है। अभियान के दौरान चेकिंग प्वाइंट स्थापित कर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से चालकों की जांच की गई। ट्रैफिक पुलिस ने 19 प्रकरण व अन्य थाना पुलिस ने 18 प्रकरणों में कार्रवाई किया। कुल 37 पर शिकंजा कसा हया है। विशेष रूप से दुर्ग से खैरागढ़ जा रही एक यात्री बस को जांच के लिए रोका गया। जिसमें बस चालक के परीक्षण में अल्कोहल पाया गया। चालको के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत 11, धारा 285 के तहत 7 समेत 18 प्रकरणों में पृथक कार्रवाई की गई।

### युवती ने लगाई फांसी

**अंजोरा।** युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है। अंजोरा पुलिस ने बताया कि ग्राम अंजोरा निवासी कुमारी केकती निषाद अपने घर में ऊपर छत में चुनरी से फांसी लगाकर अपनी जान दी। आत्महत्या के कारण परिजनों ने शारीरिक परेशानी होना बताया है। युवती सरस्वती शिक्षा मंदिर में भृत्य के पद पर काम करती थी। मृतका एक पैर से विकलांग थी।

## हेमंचद यूनिवर्सिटी के 171 कॉलेजों के 30 हजार विद्यार्थी दे रहे हैं परीक्षा

# बीकाम फाइनल की इंग्लिश परीक्षा में कई सवाल आऊट आफ कोर्स, हजारों परीक्षार्थी परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी के अंतर्गत दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव जिले के 171 कॉलेजों में वार्षिक परीक्षाएं चल रही है। जिसमें बीकाम फाइनल के 30 हजार से ज्यादा विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। यूनिवर्सिटी ने पांच यूनिट में अंग्रेजी विषय के पेपर तैयार किए हैं। विद्यार्थियों ने बताया कि इनमें से पहला और दूसरे यूनिट से पूछे गए प्रश्न पढ़ाए गए कोर्स से थे लेकिन तीसरे, चौथे और पांचवें यूनिट के प्रश्न आऊट ऑफ कोर्स के रहे। जिसकी वजह से इस विषय के सवालों को ज्यादातर विद्यार्थी हल नहीं कर पाए।

*हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी द्वारा ली जा रही बीकाम फाइनल इंग्लिश सब्जेक्ट की परीक्षा में परीक्षार्थियों को बेहद परेशान होना पड़ा। इसलिए कि इस सब्जेक्ट की परीक्षा में पूछे गए कई सवाल ऑऊट ऑफ कोर्स के रहे। यानी नए पाठ्यक्रम से सालभर विद्यार्थियों की पढ़ाई करवाई गई और जब परीक्षा में सवाल आए तो भौंचक रह गए। प्रश्न पुराने पाठ्यक्रम से पूछ लिए गए। इसी तरह जिन विद्यार्थियों ने पुराने पाठ्यक्रम से पढ़ाई की थी लेकिन इस सवाल नए पाठ्यक्रम से आए। इसकी शिकायत प्राचार्यों से की है और प्राचार्यों ने हेमंचद यूनिवर्सिटी को इसकी सूचना पहुंचा दी है। इंग्लिश सब्जेक्ट का पेपर शुक्रवार को ली गई थी।*

### नए पैटर्न से पढ़ाई की विद्यार्थियों ने

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की ओर से वार्षिक परीक्षा पद्धति प्रणाली के तहत परीक्षा आयोजित की जा रही है। प्रत्येक दिन एक-एक फैकल्टी की परीक्षा हो रही है। इस कड़ी में शुक्रवार को दोपहर 1 से 4 बजे अंग्रेजी विषय की परीक्षा ली गई। विद्यार्थियों ने बताया कि इसमें आधे से अधिक सवाल पुराने पाठ्यक्रम और परीक्षा पैटर्न के पूछे गए। जबकि सालभर विद्यार्थियों को नए पैटर्न के माध्यम से पढ़ाया गया। इसकी वजह से प्रश्न पत्र हाथ में आते ही छात्रों के होश उड़ गए। उन्होंने इसकी शिकायत कक्ष निरीक्षक से की। कक्ष निरीक्षकों ने इसकी जानकारी केंद्राध्यक्षों को दी। उन्होंने फिर इसकी शिकायत विश्वविद्यालय में पहुंचाई है।

### पिछले दो सालों में मूल्यांकन पर भी उठे हैं सवाल

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन को लेकर भी पिछले दो सालों से सुर्खियों में रहा है। बीकाम, बीए और बीएससी प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को किसी विषय में शून्य तो किसी विषय में 1 से 3 नंबर मिले थे। जब इन विद्यार्थियों ने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन भरे तो इसमें से ज्यादातर विद्यार्थियों की शिकायत सही पाई गई और अंक सुधरकर आए। खास बात यह है कि वर्ष 2025-26 यानी पिछले साल भी अंग्रेजी विषय की परीक्षा और मूल्यांकन दोनों में विद्यार्थियों ने नाराजगी दिखाई थी। जिसमें बालोद जिले के ज्यादातर विद्यार्थी शामिल थे।

### परीक्षा समिति के समक्ष रखा जाएगा मामला

" कॉलेजों से शिकायतें मिली हैं। परीक्षा समिति के सामने मामले को रखा जाएगा। इसके बाद निर्णय लिया जाएगा। हालांकि सत्र की शुरुआत में पुराना पैटर्न ही रखा गया था। लेकिन नवंबर में नया पैटर्न लागू किया गया।

-भूपेंद्र कुलदीप, कुलसचिव

### लिफ्ट का झांसा देकर रकम ले उड़े युवक

**भिलाई।** अज्ञात युवकों ने झपटमार कर रकम लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि तर्रीघाट निवासी रेवती बाई कुर्रे ने शिकायत की है कि वो 27 मार्च की दोपहर को पाटन इंडियन बैंक रकम निकलाने आई थी। बैंक से 4 हजार रुपए निकाल कर घर वापस तर्रीघाट जाने के लिए निकली। पाटन पहुंचने पर अज्ञात बाइक सवार दो युवक खड़े मिले। लिफ्ट देकर युवको ने घर छोड़ने का झांसा दिया। खम्हरिया मोड के पास पेट्रोल डलवाने के लिए युवती ने 50 रुपए उसे दिया। पेट्रोल डलवाने के बाद ग्राम तर्रीघाट के लिए निकल गये। एक युवक बाइक छोड़कर पैदल आगे चला गया और एक युवक ने रकम की डिमांड की। मना करने पर युवक ने पालीथीन में रखे आधार कार्ड, पेन कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पास बुक और रकम 4 हजार छीनकर फरार हो गए।




## आरपीएफ ने पकड़ा 6.75 लाख का गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रेलवे स्टेशन भिलाई से युवक को आरपीएफ ने पकड़ा है। उसके पास से पुलिस को गांजा से भरा बैग जब्त किया है। युवक को पुलिस ने पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने कर जेल भेज दिया है।

आरपीएफ भिलाई ने बताया कि राजकोट गुजरात निवासी हाडा वनराज साबजी भाई को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी युवक के पास से एक बैग मिला है। जिसमें 7 पैकेट गांजा व पैकेटों का वजन कुल 13.504 किलो बताया गया है। जब्त गांजा की कीमत करीब 6 .75 लाख 200 रुपए आंकी गई है। रेलवे पुलिस की टीम ने युवक टीम ने मौके पर ही तलाशी और जब्त कार्रवाई किया। गांजे को सील कर लिया। मामले को जीआरपी को सौंप दिया गया है। आरोपी और जब्त गांजे

**पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार**



को शासकीय रेलवे पुलिस थाना भिलाई को सौंप दिया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट के आदेश के बाद उसे केंद्रीय जेल दुर्ग भेज दिया गया।

### म्यूल खाते को लेकर पुलिस ने की कार्रवाई

**भिलाई।** म्यूल खातों का उपयोग कर साइबर ठगी करने वाले दो युवकों को



पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सुपेला पुलिस द्वारा किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल से जानकारी के आधार पर म्यूल खाता का उपयोग कर साइबर ठगी करने वाले खाताधारकों का शिनाख्त किया गया। पुलिस जांच के दौरान बंधन बैंक शाखा सुपेला के खातों का जांच किया गया। जिसमें बैंक खातों को जानबूझकर ऑनलाइन ठगी की रकम उपयोग करना पाया। उक्त खातों में 1.66 लाख 336 और 74 हजार 507 जमा होना पाया गया। पुलिस ने टंकी मरोदा स्कूल पारा, थाना नेवई निवासी जितेन्द्र यादव, झावेश यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 317(2), 318(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत जुर्म दर्ज किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बैंक खाते की पासबुक को अन्य व्यक्ति को धनराशि लेकर उपलब्ध कराना स्वीकार किया। साक्ष्य पाए जाने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। पुलिस ने दोनों के पास से बैंक पासबुक 2, बैंक खाते के दस्तावेज जब्त किए गए है।

### डायल-112 ने घायल वृद्ध को पहुंचाया अस्पताल

**भिलाई।** डॉयल 112 के पुलिस कर्मियों ने वृद्ध महिला को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया। 2 दिनों से घर के भीतर घायल अवस्था में पड़ी महिला को बाहर निकालकर प्राथमिक सहायता दिया। टीम द्वारा तत्काल शासकीय अस्पताल उतई में भर्ती कराया उपचार के बाद घर पहुंचाया है। 28 मार्च को उतई थाना के ग्राम उमरपोटी से टीम को इवेंट आईडी 317581 मिला। वृद्ध महिला गिरकर घायल हो गई है। टीम देर न करते हुए पहुंची। एसएसपी ने डायल 112 के आरक्षक, चालक को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र दिया गया।




## मौसम में हर दिन हो रहे हैं उतार-चढ़ाव

# चलने लगी गर्म हवाएं, शाम होते ही हो जाती है नम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मौसम में हर दिन उतार-चढ़ाव आने लगा है। सुबह हवाएं नम होती है। 10 बजे के बाद पूरी दोपहर तक गर्म हवाएं चलने लगती है। शाम 6 बजे के बाद फिर से मौसम बदल जाता है और हवाएं नम हो जाती है। आसमान पर काले बादल भी छा जाते हैं। ऐसा लगता है कि बारिश होगी। रविवार को तापमान 38 डिग्री सेल्सियस पार हो गया। दुर्ग भिलाई का अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होना बताया है।



### ये सिस्टम बना है खाड़ी में

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर ईरान और उससे लगे कैस्पियन सागर के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 9.4 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पश्चिम राजस्थान और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### दो द्रोणिकाएं भी है सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम राजस्थान से उत्तर मध्य प्रदेश के मध्य भाग तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा द्रोणिका बिहार से गंगेटिक पश्चिम बंगाल तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति उत्तर उड़ीसा से दक्षिण तमिलनाडु तक दक्षिण छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में 30 मार्च को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि के साथ कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

हरिभूमि

रायपुर, सोमवार 30 मार्च 2026

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129

**लाइव इवेंट**

## मंत्रोच्चार कर की कन्या भोज की शुरुआत जय माता दी का लगाया जयघोष



**भिलाई।** भारतीयगण वार्ता पार्टी छतीसगढ़ द्वारा नवरात्र के अवसर पर ओमकारेश्वर शिव मंदिर भाठापारा द्वारिका पुरी के पास पोटियाकला दुर्ग में नौ कन्या भोज और भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भगवा पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और दुर्ग संभाग प्रभारी हीरेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि पार्टी द्वारा आयोजित कन्या भोज में कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विष्णु पाठक, प्रदेश अध्यक्ष देवेश मिश्रा, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, अतुल नंद शुक्ला, हीरेन्द्र साहू, वरुणेशवर पाण्डेय, सीताराम ठाकुर, मीना बिष्ट, किरण आडिल, शलभ साहू, मनोज गुप्ता, सविता साहू, संजय साहू, पप्पू सहित क्षेत्र के लोगों ने पूरे रीति रिवाज़ व परम्परानुसार मां दुर्गा स्वरुप नौ दुर्गा शैलपुत्री, ब्राह्मचारिणी, चद्रघण्टा, कुशमांडा, स्कन्दमाता, कात्यायनी, कालरात्री, महागौरी, सिद्धिदात्री एवं भगवान लंगूर का सुंदर वस्त्र, श्रृंगार, आभूषण, पूजन एवं भोग लगाकर मन्त्रोंपचार कर माता की आरती पूजा की। कन्या भोज के बाद भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मां दुर्गा की भक्ति में क्षेत्रवासी सराबोर हो गए और जय माता दी और सनातन धर्म की जय के नारों से गुंजायमान पूरा वातावरण भगवामय हो गया। इस दौरान भगवा पार्टी के पदाधिकारियों सहित किरण आडिल, सविता साहू, मीना बिष्ट, रागिनी साहू, अतुल नंद शुक्ला, सीताराम ठाकुर, शलभ साहू का भी भगवा अंग वस्त्र से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन हीरेन्द्र साहू और आभार प्रदर्शन प्रदेश महासचिव ज्ञानेश्वर ताम्रकार ने किया।

**सिटी इवेंट**

## एथिक्स और फाइनेंशियल रिपोर्टिंग पर विशेषज्ञों ने दिए अपने सुझाव



**भिलाई।** द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टेड अककॉउंट ऑफ इंडिया आईसीएआई की भिलाई शाखा सीआईआरसी द्वारा वर्तमान परिस्थितियों के जोखिम विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 125 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भाग लेकर तकनीकी सत्रों में सक्रिय सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा के चेयरमैन सीए सुखदेव राठी ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बदलते पेशेवर माहौल में नैतिकता और गुणवत्ता पूर्ण वित्तीय रिपोर्टिंग के महत्व को रेखांकित किया। पहले तकनीकी सत्र में कोड ऑफ एथिक्स और हाल के परिवर्तनों व उभरते जोखिमों का विश्लेषण विषय पर सीए चंद्रशेखर वाजे ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नए संशोधनों के व्यावहारिक प्रभाव और प्रोफेशनल चुनौतियों पर गहराई से चर्चा की। दूसरे सत्र में फाइनेंशियल रिपोर्टिंग प्रैक्टिस विषय पर सीए प्रकाश चंद वोहरा ने प्रस्तुति दी, जिसमें आधुनिक वित्तीय रिपोर्टिंग के मानकों और प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला गया। इस सत्र की अध्यक्षता शाखा के पूर्व चेयरमैन सीए एनके टांक ने की। कार्यक्रम में शाखा के वरिष्ठ सदस्यों और पूर्व चेयरमैन सीए संजीव अग्रवाल, एनके टांक, मिनेष जैन, महावीर जैन, अमित राय, जेएल जैन, राकेश धोड़ी, राजेश बाफना, पियूष जैन और प्रदीप पाल उपस्थित थे। मंच संचालन सीए खुशी मिश्रा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में वाइस चेयरमैन सीए दिलीप जैन, ट्रेजरर सीए प्रभजीत सिंह जग्गी और सीआईसीएएसए चेयरमैन सीए तलविंदर सिंह की अहम भूमिका रही। अंत में सचिव सीए प्रतीक अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

- आईसीएआई भिलाई शाखा की कार्यशाला में वर्तमान जोखिम पर मंथन

**सिटी इवेंट**

## ग्रेजुएशन सेरेमनी में बच्चों ने दिखाया उत्साह कविता और नाट्य प्रस्तुतियों ने मोहा मन



**भिलाई।** भिलाई पब्लिक स्कूल में प्री-स्कूल ग्रेजुएशन सेरेमनी बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। यह समारोह बच्चों के शैक्षणिक जीवन के प्रथम महत्वपूर्ण पड़ाव का उत्सव था, जिसने सभी को भावुक और गौरवान्वित कर दिया। कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, कविता एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर चेयरमैन एचपीएस उप्पल, प्रिंसिपल हरविंदर कौर उप्पल, रमन कौर, एडमिनिस्ट्रेटर बेथसेबा रानी सहित स्कूल के स्टाफ की उपस्थिति रही। समारोह के अंत में सभी ग्रेजुएट हुए बच्चों को सर्टिफिकेट एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

● रूंगटा यूनिवर्सिटी में पहुंचे गणित के चाणक्य आनंद कुमार, बच्चों को दिए सफलता के टिप्स

# असली जीत उसी की होती है, जो बार-बार गिरकर भी उठना नहीं छोड़ता, व्योम में बीट्स और ट्रेंडिंग ट्रैक्स पर झूमे युवा

**जब हालात आपके खिलाफ हों, तभी असली खेल शुरू होता है। क्योंकि वहीं से तय होता है कि आप भीड़ का हिस्सा बनेंगे या अपनी अलग पहचान बनाएंगे। ये शब्द जैसे ही मंच से गूंजे, पूरा माहौल तालियों से भर उठा। यह संदेश था देश के प्रसिद्ध शिक्षकों में से एक सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार का, जिन्होंने रविवार को रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित टेक फेस्ट व्योम के समापन को एक नई सोच और ऊर्जा दे दी। व्योम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे आनंद कुमार ने छात्रों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि अब वक्त बदल चुका है।**




**भिलाई।** अब राजा का बेटा राजा नहीं बनेगा, बल्कि राजा वही बनेगा जो हकदार होगा और हकदार वही होता है, जो हर दिन खुद को बेहतर बनाने के लिए मेहनत करता है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अगर आप गिरने से डरते हैं, तो कभी आगे नहीं बढ़ पाएंगे। असली जीत उसी की होती है, जो बार-बार गिरकर भी उठना नहीं छोड़ता। जरूरी नहीं कि आप आईएएस, आईपीएस या आईआईटी ही जाएं, जिस भी फील्ड में जाएं वहां आप सबसे बेहतरीन होने चाहिए। आनंद कुमार के कहें इन शब्दों ने छात्रों के भीतर एक नई सोच और आत्मविश्वास को जन्म दिया।



### मिला स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवॉर्ड

व्योम के समापन का मुख्य आकर्षण स्टूडेंट ऑफ द ईयर पुरस्कार रहा। इस सम्मान से रूंगटा यूनिवर्सिटी के 6 छात्रों को नवाजा गया, जिन्होंने पूरे वर्ष अपने शानदार एकेडमिक प्रदर्शन, एक्स्ट्रा करिकूलम एक्टिविटीज और अनुशासन से अलग पहचान बनाई। इनमें अनिश कुमार, सायन कर्मकार, विक्की कुमार, कीर्ति प्रिया, सुप्रिया देवनाथ और सितास्मा कार्की शामिल हैं। इन छात्रों ने गूगल और माइक्रोसॉफ्ट के ऑफिशियल एंबेस्डर बनने से लेकर एनएसएस की राष्ट्रीय स्तर की सी सर्टिफिकेट की परीक्षा में भी खुद को अव्वल साबित किया। व्योम 2026 के दौरान पांच दिनों में 46 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें तकनीकी, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियां शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं में करीब 3 हजार विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें से 156 छात्रों ने शानदार प्रदर्शन के जरिए पुरस्कारों की सूची में जगह बनाई। इन विजेताओं को करीब 2 लाख रुपए के नकद पुरस्कार दिए गए।

### ताकि अवसर आपका इंतजार करे

व्योम का हिस्सा बने हर एक छात्र की हौसला अफजाई करते हुए यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने कहा कि, मंच वही बड़ा होता है, जहां से सपनों को उड़ान मिलती है। व्योम सिर्फ एक फेस्ट नहीं, बल्कि उन युवाओं की पहचान है जो अपने दम पर कुछ अलग करने का हौसला रखते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अवसर का इंतजार मत करो, खुद को इतना तैयार करो कि हर अवसर आपका इंतजार करे। कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने कहा कि, किताबों से मिली जानकारी जरूरी है, लेकिन असली सीख तब मिलती है जब आप उसे जीते हैं। व्योम उसी सीख का नाम है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि अगर सोच बड़ी है और मेहनत सच्ची है, तो सफलता देर से ही सही, लेकिन जरूर मिलती है। कार्यक्रम में रूंगटा यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा, सीईओ सोनल रूंगटा भी मौजूद रहे।



### बीट्स, एनर्जी और कैंपस वाइब्स का फिनाले

व्योम का समापन एक हाई-ऑक्टेन डीजे नाइट के साथ हुआ, जिसने पूरे कैंपस को फेस्टिव मोड में ला दिया। सनबर्न कैंपस के डीजे ने जैसे ही कंसोल संभाला, पावर फुल बीट्स और ट्रेंडिंग ट्रैक्स ने माहौल को पूरी तरह इलेक्ट्रिफाई कर दिया। हर बीट पर क्राउड का रिस्पॉन्स जबरदस्त था और डांस फ्लोर पूरी तरह एनर्जी से भरा नजर आया। लाइटिंग, लेजर इफेक्ट्स और साउंड का परफेक्ट सिंक इस रात को एक रियल कॉन्सर्ट फील दे रहा था। स्टूडेंट्स अपने दोस्तों के साथ फ्री होकर वाइब कर रहे थे, सेल्फी और रील्स बनाते हुए हर मोमेंट को कैप्चर कर रहे थे। यह सिर्फ एक डीजे नाइट नहीं, बल्कि पूरे फेस्ट का सेलिब्रेशन था, जिसने व्योम को एक यादगार और ग्रैंड एंडिंग दी।

## इनर व्हील क्लब ने कराई तालाब की सफाई चलाया स्वच्छता अभियान, किया जागरूक

**भिलाई।** इनर व्हील क्लब द्वारा क्लीन वाटर बॉडी इनिटेटिव के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन दुर्ग कादंबरी तालाब में किया गया। यह अभियान जल स्त्रोतों की सफाई और संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए किया गया था। इस अभियान का नेतृत्व क्लब की अध्यक्ष नताशा दुआ, सचिव स्नेहा मित्तल और कार्यकारी सदस्य पिंकी बंसल सहित अन्य सदस्यों द्वारा किया गया। सभी सदस्यों ने मिलकर पूरे उत्साह और समर्पण के साथ कादंबरी नगर तालाब को साफ करके इस अभियान को सफल बनाया। स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम में वार्ड के पार्षद देव नारायण प्रसाद और सुरुचि उमरे का विशेष योगदान रहा, साथ ही नगर निगम के लगभग 30 से 35 सफाई कर्मचारियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए इस स्वच्छता अभियान को महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर इनर व्हील के सदस्यों ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्य लगातार किए जाते रहेंगे।





## गुलाब के फूल और चॉकलेट से दिया सड़क सुरक्षा का संदेश



**भिलाई।** सामाजिक संस्था दिशा द्वारा हुडको महाराष्ट्र सांस्कृतिक मंडल भिलाई के सदस्यों के साथ रविवार को भिलाई यातायात पुलिस के सहयोग से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ट्रैफिक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान सेंट्रल एवेन्यू रोड पर स्थित सेक्टर 5 और सेक्टर 4 के बीच भिलाई विद्यालय के पास चौक पर आयोजित किया गया, जहां राहगीरों और वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान संस्था के सदस्यों ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का उपयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा ट्रैफिक संकेतों का पालन करने की अपील की। ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए गुजरने वाले वाहन चालकों का अभिनंदन करते हुए उन्हें गुलाब का फूल और चॉकलेट भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे लोगों को सकारात्मक रूप से नियमों के पालन के लिए प्रेरणा मिल सके। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने पम्पलेट वितरण, प्ले काड्र्स और बैनर के माध्यम से सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाया तथा नागरिकों से जिम्मेदार यातायात व्यवहार अपनाने का आग्रह किया। अभियान में संस्था के राजेश धारकर, रामानुजन राजू, सुजीत चक्रवर्ती, शांतनु दासगुप्ता, जवाहर, मोहन गिरी, भास्कर देवनाथ, प्रदीप दास और मोहन गिरी शामिल रहे। संस्था के वरिष्ठ सदस्य शांतनु दासगुप्ता ने अभियान को सफल बनाने में विशेष सहयोग के लिए यातायात पुलिस बल के मदानलाल साहू एएसआई और आरक्षक कमल कांत तिवारी, तुकाराम निर्मलकर, चंद्रशेखर साहू, ए चंद्राकर का आभार व्यक्त किया।

### विभिन्न चर्चों में हुई विशेष प्रार्थना सभाएं, हाथों में खजूर की डालियां लेकर निकला जुलूस

# ट्विनसिटी में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया पाम संडे

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** मसीही समुदाय द्वारा दुर्ग-भिलाई में आज पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ पाम संडे मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं, जुलूस और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पाम संडे ईसाई धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। यह दिन प्रभु यीशु मसीह के यरूशलेम में विजयी प्रवेश की स्मृति में मनाया जाता है। सुबह से ही दुर्ग-भिलाई के विभिन्न चर्चों कैथोलिक, प्रोटेस्टेंट और अन्य मसीही संस्थानों में विशेष आराधना सभाएं आयोजित की गईं। इसी दिन से होली वीक की भी शुरुआत होती है, जो ईस्टर संडे तक चलता है।





### प्रेम, क्षमा और मानव सेवा का संदेश

कई स्थानों पर मसीही समुदाय द्वारा जुलूस निकाले गए। क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च सेक्टर-6 द्वारा सुबह 8 बजे चर्च परिसर से जुलूस निकाला गया जो वापस चर्च परिसर पहुंची। वहीं बैपटिस्ट चर्च द्वारा भी सेक्टर-6, सड़क-1 में जुलूस निकाला गया। श्रद्धालुओं ने हाथों में खजूर की डालियां और क्रूस लेकर प्रभु यीशु के स्वागत का गीत गाते हुए प्रतीकात्मक भजन-कीर्तन, बाइबिल पाठ और प्रवचन के माध्यम से प्रभु के संदेशों का प्रचार किया गया। पादरियों द्वारा प्रेम, क्षमा और मानव सेवा का संदेश दिया गया। आयोजित कार्यक्रमों में युवाओं और बच्चों की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। जुलूस के दौरान पुलिस सुरक्षा और व्यवस्था के भी विशेष इंतजाम किए गए ताकि आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न





खुर्सीपार स्थित डीडीसी चर्च में पाम संडे (खजूर पर्व) मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने चर्च में भजन-कीर्तन कर गीत गाया। इसके अलावा पास्टर मुकेश कंवर द्वारा बाइबिल के वचनों के बारे में अवगत कराया।

## खबर संक्षेप



### जोत-जंवारा विसर्जन हुआ रामनवमी पर

**अण्डा।** दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में ज्योत-जंवारा विसर्जन कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यहां के अंडा चिंगरी विनायकपुर, आमटी, आलबरस, जंजगिरी, अछोटी, कुथरेल, कोनारी, चंदखुरी, खाड़ा रूदा, भोथली, तिरगा, झोला, गनियारी रसमडा, अंजोरा बुराई, डौकीडीह, ओटेबंद, सिरसिदा,परसदा, डगनिया, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, भिलाई, चीचा, ओडारसकरी, मटिया और देवगहन में रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में माता के भक्त पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए और जयकारों के साथ पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने सिर पर ज्योत और जंवारा लेकर श्रद्धा भाव से यात्रा में भाग लिया। वहीं ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। मंदिर परिसर से शुरू हुई यह शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ ज्योत-जंवारा का विसर्जन किया गया।

### प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुईं कीर्ति



**सेलूद।** जनपद पंचायत पाटन अध्यक्ष कीर्ति नायक अपने गृह ग्राम बटंग में रामनवमी के पावन एवं शुभ अवसर पर आयोजित जवारा विसर्जन कार्यक्रम में शामिल होकर माता रानी की पूजा-अर्चना की। कीर्ति नायक जामगांव आर तथा ग्राम पौहा पहुंची, जहाँ नये मंदिर के लोकार्पण एवं भगवान श्रीराम-सीता माता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन, कलश यात्रा तथा प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### गीता उपदेश जीवन की सार्थकता के लिए जरूरी



**पाटन।** केसरा में श्रीमद् भागवत महापुराण में बाल योगी विष्णु अरोड़ा ने भागवत महापुराण गीता पाठ किया और हवन एवं पूर्णाहुति के साथ आयोजन का समापन हुआ। बालयोगी अरोड़ा ने गीता जीवन का सार बतलाते हुए हमें सभी का सम्मान के साथ अधर्म का विरोध भी करना चाहिए। व्यास पीठ का आशीर्वाद लेने पूर्व मुख्यमंत्री के सुपुत्र चैतन्य बघेल, पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू, जनपद सदस्य दिनेश साहू,ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष सोहन जोशी, सरपंच डॉ.ईश्वर निषाद, तेजराम सिन्हा, गजानंद सिन्हा, संतु सिन्हा, डॉ पवन निर्मलकर, नरेश सिन्हा, हरिनाथ सिन्हा, कमलेश पटेल, लक्की सिन्हा, इंद्रेश्वर सिन्हा, सागर सिन्हा, चंद्रशेखर सिन्हा, राजू सिन्हा, खेमलाल आदि उपस्थित थे।

न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग (छ.ग.)

**सूचना**

मामले का विषय - अपील प्रकरण
मामला का क्रमांक- 617 / अ- 27 / वर्ष 2022-23
पक्षकार -लालगिर विरूद्ध कृष्ण कुमार गिर वगै.
सुनील पिता स्व. प्रेमगिर, निवासी - खमतराई, बस्ती बाजार के पास गली, पश्चिम दिशा, रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि लालगिर आ. हरनाम गिर निवासी- ग्राम पेन्ड्रीतराई, तहसील व जिला- बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला- बेमेतरा (छ.ग.) के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202205230300002 / 35 अ-27 वर्ष 2021-22 में पारित आदेश दिनांक 18.04.2023 के विरूद्ध छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा-44 (2) के तहत अपील प्रकरण प्रस्तुत किया गया है।

उपर्युक्त मामले की सुनवाई तिथि 30.04.2026 दिन - गुरूवार को दोपहर 11.30 बजे स्थान-न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग में होगी।

अतः सुनवाई तिथि में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत सुनवाई तिथि में उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

जारी दिनांक-05.03.2026

आयुक्त
दुर्ग संभाग, दुर्ग

## जयंती समारोह में जुटे समाज के लोग

# हम साहू के वंशज, आराध्य देव के साथ भक्त मां कर्मा की भी पूजा-अर्चना जरूर करें : ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निकुम

**नौ गांवों के लोगों ने बढ़-चढ़ की भागीदारी, गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा**



परिक्षेत्रीय साहू समाज निकुम एवं ग्रामीण साहू समाज आमटी पुरानी आवास पारा के तत्वाधान में ग्राम आमटी में भक्त मां कर्मा जयंती रविवार को 1010 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें निकुम , आमटी, मासाभाट, रुदा, भोथली , आलबरस, झोला सहित 9 गांव के साहू समाज बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। जिसमें सर्व प्रथम बाजे गाजे भजन करते हुए पीले वस्त्र में महिलाओं ने कलश शोभा यात्रा कर पूरे गांव में मां कर्मा, दानवीर भामाशाह के जयकारे लगाए, वही कर्मा भवन आयोजन स्थल में श्री कृष्ण व मां कर्मा के तैल चित्र में पूजा कर महा आरती उतार कर सभी ने मिलकर पूजा अर्चना की।

परिक्षेत्रीय निकुम अध्यक्ष घनश्याम साहू व ग्रामीण अध्यक्ष अध्यक्ष चेलेंद्र चौधरी सहित सामाजिक बंधु सम्मिलित हुए। मां कर्मा के जीवन के भक्ति को रामधुनी से बताया। मुख्य अतिथि गृहमंत्री रहे ताम्रध्वज साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम किसी को भी अपना आराध्य देव माने. हम साहू के वंशज हैं तो अपने आराध्य देव के साथ मां कर्मा की भी पूजा अर्चना करें। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व महिला बाल विकास मंत्री रहे रामशिला साहू ने कहा साहू समाज एकजुट होकर कार्य कर रहा है। ग्रामीण साहू अध्यक्ष चेलेन्द्र चौधरी ने कहा कि साहू समाज लगातार बेहतर कार्य कर रहा हैं। इस क्षेत्र के गांव गांव में एक पेड़ मां कर्मा के नाम पर लगाएंगे। सभी ने भोजन प्रसादी व खिचड़ी भोग ग्रहण किया। जिसमें ग्राम आमटी सरपंच दुर्गा पुरूषोतम चौधरी, जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू, पूर्व जनपद सदस्य रूपेश पटेल,पूर्व जिला पंचायत सदस्य नंद कुमार साहू, राजकुमार साहू, कृष्णा साहू सभी ग्रामीण अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु, पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

### बेलहारी में भक्त माता कर्मा की मनाई कर्मा जयंती

**जामगांव आर ।** बेल्हारी में भक्त माता कर्मा की 1010 वीं जयंती मनाई गई। साहू समाज द्वारा माता कर्मा की विशेष पूजा अर्चना एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु एवं ग्रामीण शामिल हुए! मुख्यअतिथि कल्पना नारद साहू ने कहा कि भक्त माता कर्मा साहू समाज का इतिहास गौरवपूर्ण और वैभवशाली होने का प्रमाण है। आयोजन में लालेश्वर साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन, टेसराम साहू अध्यक्ष परि. साहू समाज बेल्हारी, अमित अग्रवाल सरपंच बेल्हारी,रेवाराम साहू सरपंच गातापार,रमाकांत साहू सरपंच आगेसरा,कविता साहू सरपंच नवागांव बी, कमलेश्वर साहू संरक्षक साहू समाज बेल्हारी, तोरणलाल साहू मंचासिन रहे। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता - डी. आर साहू, बालाराम साहू, अनीता साहू, झामन साहू, नोहर साहू, मनोहर साहू, शिवकुमार साहू, तिलक साहू, ठाकुरराम साहू, रोमन साहू,



रामलाल साहू, झाडूराम साहू, संतोष साहू, कमलेश साहू, तुषार साहू, उमंग साहू, लोकेश साहू, कीर्तन साहू, उमेश साहू, हरीशचंद साहू, पत्रिका साहू, निर्मला साहू, संत्री साहू, मंगलिन साहू,सत्यभामा साहू, गुमेश्वरी साहू सहित समस्त साहू समाज उपस्थित रहे।

# चार स्तरीय समयमान वेतनमान मांगा शासकीय कर्मियों ने, मिले मुख्य सचिव से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेलूद

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव से भेंट की। इस अवसर पर फेडरेशन ने अपनी मांगों को विस्तार से मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्तुत किया। मुख्य सचिव ने धैर्यपूर्वक सभी बिंदुओं को सुना और कहा कि

- छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने मुख्य सचिव से की सौजन्य भेंट, किया सम्मान



सरकार कर्मचारियों की जायज़ मांगों एवं समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर है। उन्होंने आश्वस्त किया कि कर्मचारी हितों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही ठोस एवं सकारात्मक निर्णय लिए जाएंगे। प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने डीए एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने, 300 दिवस अर्जित अवकाश के नगदीकरण, चार स्तरीय समयमान वेतनमान, लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास तथा अन्य संवर्गों की वेतन विसंगतियों,शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति से सेवा गणना जैसे विभिन्न ज्वलंत मुद्दों के समाधान हेतु विशेष पहल करने का अनुरोध किया। एक अन्य मांग पत्र सौंपते हुए उन्होंने बताया कि विगत सात वर्षों से राज्य स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित नहीं होने से कर्मचारी संगठनों में नाराजगी है। इस पर मुख्य सचिव ने शीघ्र बैठक आयोजित कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने आगे बताया कि प्रदेश में आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली के क्रियान्वयन में आ रही तकनीकी समस्याओं से भी मुख्य सचिव को अवगत कराया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि इस व्यवस्था के क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को नियम विरुद्ध दबाव नहीं बनाया जाना चाहिए। शासकीय सेवकों को स्वेच्छा से सहयोग करना चाहिए, ताकि शासन की छवि और बेहतर बन सके। फेडरेशन द्वारा विभागों में सक्षम अधिकारियों की उपलब्धता के बावजूद महत्वपूर्ण पदों पर सेवानिवृत्त अधिकारियों को दी जा रही संविदा नियुक्तियों के संबंध में सुझाव दिए गए, जिन पर मुख्य सचिव ने सहमति व्यक्त की तथा रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने का आश्वासन दिया। मुख्य सचिव को पेंशनरों की समस्याओं से भी अवगत कराया गया। फेडरेशन ने पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने तथा लंबित 3 प्रतिशत महंगाई राहत प्रदान करने की मांग रखी। मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 के संदर्भ में यह भी अवगत कराया गया कि महंगाई राहत आदेश जारी करने हेतु पूर्व सहमति आवश्यक नहीं है। झारखंड एवं उत्तराखंड की भांति प्रदेश के पेंशनरों को भी राहत देने की मांग की गई। इस पर मुख्य सचिव ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।



### जय श्री राम के जयघोष के साथ निकली शोभायात्रा

**सेलूद।** राम नवमी के पावन एवं मंगलमय अवसर पर भिलाई-3 थाना क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण से भगवान श्री रामचन्द्र की भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। "जय श्री राम" के गगनभेदी जयघोष से समूचा नगर भक्तिरस में डूब गया और चारों ओर आस्था का अद्भुत वातावरण निर्मित हुआ।

शोभायात्रा में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भव्य शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, सुसज्जित रथ, भगवा ध्वज, ढोल-नगाड़ों की गूंज एवं भक्ति संगीत ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली इस शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया।

## अंचल की खबरें

### मुड़पार के ग्रामीणों ने सुनी मन की बात




**सेलूद।** ग्राम मुड़पार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात की 132वी कड़ी सुनी गई। जिसमे में पीएम मोदी ने मुख्य रूप से पश्चिमी एशिया के संघर्ष के कारण उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट (पेट्रोल-डीजल), देश की एकजुटता, युवा शक्ति और सांस्कृतिक विरासत 'ज्ञान भारतम सर्वे' पर जोर दिया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता रामाधार यादव, जिला अनुसूचित मोर्चा के हरप्रसाद आडिल, अन्य पिछड़ा वर्ग पाटन मंडल के अध्यक्ष भोजराम यादव, चुम्मन यादव, अवश यादव, रामचंद्र यादव, तिजराम विश्वकर्मा, केंकती यादव, कमला यादव, पुष्पा यादव, त्रिवेणी यादव, गंगोत्री विश्वकर्मा, रोशन यादव आदि उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात



**अंडा।** ग्राम आलबरस में ग्रामीणों ने रविवार को एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" को सुना और उनके विचारों से प्रेरणा ली। कार्यक्रम में ग्राम के प्रमुख नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय उपस्थिति रही। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग माया बेलचंदन, रोशन लाल देशमुख,लक्ष्मण देशमुख, अशोक हरमुख, ओम प्रकाश यादव, मंजु देशमुख, रेखा चंदेल, खिलेश्वरी पारकर, रोशनी देशमुख, अश्वनी साहू एवं वेदिका देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

### प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचारों को सुना



**पाटन।** प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के साथ पाटन जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम "मन की बात"का प्रसारण सुना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक साथ बैठकर प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचारों को सुना एवं आत्मसात किया।

### श्रमिकों के सम्मान और कौशल विकास पर दिया बल



**सेलूद।** मजदूर सम्मेलन में मुख्य अतिथि कमल वर्मा ने श्रमिकों को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया और उनके अधिकारों, सुरक्षा तथा सामाजिक सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन में यादो राम, गरीब साहू, रमेश शर्मा,सत्येंद्र देवांगन,ललित बिजौरा,टिकेंद्र वर्मा, महेंद्र साहू,चंचल द्विवेदी अतिथि के रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन परदेशी राम साहू ने किया। जिला स्तरीय सम्मेलन में श्रमिक संघ के संस्थापक राजकुमार छेदैया, अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार वर्मा,नरहर साहू संतोष वर्मा, चेतन लाल साहू,विनोद बाघ, शिवा देवांगन, तुकाराम साहू,देव नारायण वर्मा, आशा राम यादव, जय नारायण, चोवा यादव, मोहन वर्मा, राजू देशमुख, किशोर वर्मा,श्रीमती मीना साहू, रोशनी बांधे, चंद्रिका बघेल, राजेश्वरी वर्मा,उमा सोनकर, सुरुज भाई साहू, मीना वर्मा, अहिल्या वर्मा, सरस्वती वर्मा, युगल कुमार वर्मा सहित भारी संख्या में मजदूर श्रमिक उपस्थित रहे।

# भांचा श्रीराम हमारे आराध्य, आस्था के प्रतीक : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन



श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर पाटन नगर में श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित भव्य एवं विशाल शोभायात्रा में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए।इस दौरान उन्होंने श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ प्रभु श्रीराम के दर्शन किए एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि,शांति और खुशहाली की मंगलकामना की।शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन,युवा, मातृशक्ति एवं नगरवासी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। नगर में जय सियाराम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

इस अवसर पर भूपेश बघेल ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य,धर्म और आदर्शों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनका आशीर्वाद सदैव हम सभी पर बना रहे और समाज में प्रेम,भाईचारा एवं सद्भाव कायम रहे। चलित झांकी महाकाल अघोरी ग्रुप बाजार चौक खोपली और कल्याणी धूमाल ग्रुप केसरा के द्वारा डीजे डांस,आतिशबाजी का शानदार प्रस्तुति दर्शकों का मन मोह लिया। इस मौके पर मुख्यरूप से राकेश ठाकुर जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी दुर्ग,पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा,जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी,विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू,पुरुषोत्तम कश्यप, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साहू,राजेश ठाकुर,हेमंत देवांगन,तरूण बिजौर, मनोज कुर्रे , पूर्व एल्डरमैन बीसोहां देवांगन, जनपद सदस्य दिनेश साहू,लक्ष्मीनारायण पटेल,बलदाऊ भाले,आभाष दुबे ,सरजू साहू,गोपाल देवांगन,भेदप्रकाश वर्मा,महेंद्र वर्मा,संतोषी तिवारी,युवराज साहू,मनीष देवांगन बिरेंद्र कौशिक, श्रीराम जन्मोत्सव समिति के सदस्य एवं भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# भीषण आग से करीब 500 एकड़ गेहूं की फसल राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमधा



धमधा ब्लॉक के बोरी तहसील ग्राम खिलोरा खुर्द मे शनिवार 28 मार्च दोपहर लगभग 500 एकड़ क्षेत्र में भीषण आग लग गई। जिसमें सैकड़ों एकड़ खड़ी गेहूं की फसल सहित चना की फसल भी जलकर राख हो गई। तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते कई खेत इसकी चपेट में आ गए। जानकारी के अनुसार पास के ग्राम सुखरी में फसल कटाई के बाद खेत तैयार करने के दौरान लगाई गई आग अचानक फैल गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तेज हवा के कारण वे सफल नहीं हो सके। मौके पर धमधा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के दिशा-निर्देश पर तहसीलदार, आरआई, पटवारी, पुलिस अमला और दमकल विभाग की टीम पहुंची, जिनकी मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस आगजनी में फसलों के साथ-साथ पाइप, बोरवेल वायर, स्टार्टर, सब्जी बाड़ी, पेड़-पौधे और खेतों की बाड़ भी जलकर नष्ट हो गए। चार मवेशियों के झुलसने की भी सूचना है, जिनका उपचार जारी है। फिलहाल प्रशासन द्वारा पूर्ण रूप से क्षति का आकलन नहीं किया गया है, जिससे किसानों में नाराजगी बनी हुई है। ग्रामीणों ने शीघ्र सर्वे कर उचित मुआवजा (क्षतिपूर्ति) देने और फसल बीमा राशि दिलाने की मांग की है।

इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमधा सोनाल डेविड ने कहा,"बिना किसी विलंब के गंभीरता पूर्वक विधिवत जांच कर कार्रवाई की जाएगी।" वहीं किसान नेता टेकसिंह चंदेल (धमधा) ने कहा,"किसानों को पहले प्रशासन का छलावा और अब इस बड़ी आपदा के चलते त्रासदी झेलनी पड़ रही है। यह बहुत बड़ी क्षति है। प्रशासन द्वारा प्रत्येक किसान की क्षतिपूर्ति दी जानी चाहिए, अन्यथा किसान बंधु संगठन धमधा एवं किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।" भाजपा किसान मोर्चा दुर्ग जिला अध्यक्ष रोहित राजपूत ने कहा कि किसानों के लिए अत्यंत अपूरणीय क्षति है। हम और हमारी सरकार किसानों के साथ दृढ़ता से खड़े हैं। हम शीघ्र ही शासन-प्रशासन से संपर्क कर किसानों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस आगजनी ने उनकी सालभर की मेहनत को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है ।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट



**भिलाई।** इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64b, प्रिया सिंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम (रेड एंड व्हाइट कलर) के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट मिल रही है। यहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना लेंगे उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनो की शॉपिंग पर विशेष डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग दिया जाएगा। ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए उनको धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी शॉप में हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का huid कोड वाले जेवर उपलब्ध हैं। इन गहनों की वापसी पर कोई भी काट छाट नहीं होती। इतना ही नहीं हां सबसे कम मेकिंग चार्ज लिया जाता है। यहां हर फैमिली के लिए उनके बजट के अनुरूप गहने उपलब्ध हैं। यहां सोने का हार चोकर नेकलेस, से लेकर सोने की अंगूठी, झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स जैसी हर वजन की वरायटी उपलब्ध है। यहां पायलों की विस्तृत रेंज, करधन, बैंगल्स, हाथफूल, बिछिया व चैन लॉकेट की काफी बड़ी रेंज उपलब्ध है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### आरक्षकों को पुलिसिंग व अनुशासन की ट्रेनिंग

**भिलाई।** नव नियुक्त पुरुष महिला आरक्षकों के लिए पुलिसिंग ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन पुरानी पुलिस लाईन दुर्ग में किया गया। इस दौरान आरक्षकों को पुलिस सेवा के दायित्व, अनुशासन, जनसंपर्क, कार्यकुशलता, आधुनिक पुलिसिंग के विभिन्न पहलुओं को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया। वर्दी धारण करने के बाद जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। प्रत्येक आरक्षक को अपनी अलग पहचान स्थापित करने कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुशासित रहना जरुरी है। आरक्षकों को शारीरिक फिटनेस बनाए रखने, सेवा अवधि के दौरान स्वास्थ्य का ध्यान रखने नई तकनीकों का ज्ञान अर्जित करने और आर्थिक अनुशासन (बचत) अपनाने को लेकर निर्देशित किया। दुर्ग पुलिस नव नियुक्त आरक्षकों से अपेक्षा करती है कि वे अनुशासन, ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का पालन करे। आम जनता के प्रति संवेदनशील जवाबदेह पुलिसिंग सुनिश्चित करे।

### निर्मला अनंत को मिली पीएचडी की उपाधि

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से शिक्षा संकाय में निर्मला अनंत को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। विकासखंड बेरला, जिला बेमेतरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेजवारा में व्याख्याता निर्मला अनंत ने अपने शोध के लिए विद्यार्थियों के समय प्रबंधन एवं कुशलता का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का चयन किया। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. निशा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तथा डॉ. अनिता श्रीवास्तव के सह-निर्देशन में पूर्ण किया। निर्मला एमआर अनंत और कमला अनंत की सुपुत्री हैं।



### व्यवसायियों को नोटिस मंत्रालय पहुंचा मुद्दा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र क्षेत्र में छोटे दुकानदारों को जारी किए जा रहे बेदखली नोटिस का मामला अब केंद्र सरकार के स्तर तक पहुंच गया है। भिलाई स्टील सिटी चेंबर आफ कामर्स और कान्फेडरेशन आफ इंडियन ट्रेडस भिलाई की मांग पर यह मुद्दा इस्पात मंत्रालय के संज्ञान में लाया गया है। नेशल ट्रेडर्स वेलफेयर बोड्र्स एनटीडब्ल्यूबी) के चेयरमैन सुनील जे सिंघी ने इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पुंडरीक को पत्र लिखकर टाउनशिप के व्यापारियों के बेदखली नोटिसों पर रोक लगाने और प्रभावित दुकानदारों को राहत देने का आग्रह किया है। चेंबर के मुताबिक भिलाई टाउनशिप के 1 हजार दुकानदार इस प्रकरण से प्रभावित हैं। ये दुकानदार वर्षों से उन्हीं परिसरों में व्यवसाय और निवास कर रहे हैं।

### टीएंडी में सुरक्षा जागरुकता सप्ताह का समापन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के परिवहन एवं डीजल विभाग में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन बिल्डिंग-14 के कॉन्फ्रेंस हॉल में हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषारकान्त तथा महाप्रबंधक सुकुमारन सुनोव थे। अध्यक्षता महाप्रबंधक प्रभारी गोपीनाथ मलिक ने की। विभागीय सुरक्षा अधिकारी विजय कुमार ने सुरक्षा शपथ दिलाई।

# दुर्ग-दल्लीराजहरा सेक्शन के आठ रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्मों का होगा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रायपुर रेल मंडल द्वारा दुर्ग दल्लीराजहरा सेक्शन में 8 स्टेशनों के प्लेटफार्म की लंबाई को बढ़ाया जा रहा है। 12 कोच की मेमू ट्रेन भी यहां खड़ी हो सकेगी, इसके अतिरिक्त अधिक ट्रेनों के संचालन की क्षमता बढ़ती है।

इसी कड़ी में रायपुर रेल मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए राशि आबंटन हो चुका है। इसके लिए लगभग 10.78 करोड़ रुपए की लागत से काम पूर्ण होगा। इसमें स्टेशन मरौदा, पउवारा, रिसामा, गुंडरदेही, सिकोसा, लाटाबोर, भैंसबोर्ड, सलाईटोला शामिल हैं। रेलवे ने प्लेटफॉर्म विस्तार और नए प्लेटफॉर्म के निर्माण से यात्रियों की सुविधा में वृद्धि हो रही है। ट्रेनों के आगमन और प्रस्थान में सुगमता आती है। भीड़-भाड़ कम होती है व यात्रियों को प्लेटफार्म में चढ़ने-उतरने में बेहतर सुविधा मिलती है। यात्री ट्रेनों की परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए यात्रियों की सुविधा के लिए बालोद स्टेशन, दल्लीराजहरा भानुप्रतापपुर, गुदुम स्टेशनों पर दूसरा प्लेटफार्म बनाने की योजना भी स्वीकृत हो चुका है। दूसरे प्लेटफार्म के साथ-साथ इन स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज रैंप के साथ बनाए जाने का प्रावधान है। जिनकी संयुक्त लागत लगभग 30 करोड़ के आसपास है।

## विस्तार और नए प्लेटफॉर्म का होगा निर्माण, प्लेटफार्म के साथ-साथ फुट ओवर ब्रिज, रैम्प की भी सुविधा



### यात्रियों के लिए फर्नीचर समेत अन्य सुविधा भी

कुसुमकसा स्टेशन पर 12 कोच वाली डीईएमयू को समायोजित करने के लिए प्लेटफार्म का विस्तार किया जा रहा है। 12 कोच वाली डीईएमयू के लिए यात्री सुविधाओं में सुधार, स्टेशनों के लिए फर्नीचर, 3 मीटर चौड़े एफओबी के साथ द्वितीय यात्री प्लेटफार्म का प्रावधान,यात्री सुविधाएं, फर्नीचर लगभग 8 करोड़ की लागत से किया जाना है।

## बीएसपी, एफएसएनएल प्रबंधन व यूनियन की समझौता वार्ता में मांगों पर बनी सहमति

# अब एफएसएनएल के मजदूरों और कर्मचारियों की नहीं होगी छंटनी, आज की हड़ताल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

फेरो स्क्रेप निगम लिमिटेड (एफएसएनएल ) भिलाई के ठेका मजदूरों और कर्मचारियों का भविष्य अब अंधकारमय नहीं रहेगा। कर्मियों की छंटनी होगी और न ही उनकी सुविधाओं में ही कटौती होगी। श्रमायुक्त की मध्यस्थता में एफएसएनएल बचाओ संघर्ष समिति और एफएसएनएल तथा भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन की बीच हुई समझौता बैठक मेंलंबित मांगों को पूर्ण करने पर बनी सहमति के बाद कल 30 अप्रेल को घोषित हड़ताल को स्थगित हो गई है। इससे प्रबंधन और मजदूरों दोनों ने ही राहत की सांस ली है ।

उल्लेखनीय है कि करीबन महीनेभर पूर्व एफएसएनएल को मिलने को सालों से मिलते रहे स्क्रैप के टेंडर को कुछ अन्य कंपनियों को दे दिए जाने से कर्मियों द्वारा पुरजोर विरोध कि या जा रहा था। इससे कर्मियों व मजदूरों की छंटनी तय मानी जी रही थी। इसके खिलाफ एफएसएनएल बचाओ संघर्ष समिति गठित कर विरोध प्रदर्शन के साथ कर्मियों व मजदूरों की छंटनी की नौबत रोकने टेंडर पहले की तरह एफएसएनएल को ही देने की मांगों को लेकर कल तीस मार्च को हड़ताल की घोषणा की गई थी। साथ ही न्याय के लिए श्रमायुक्त से भी गुहार की गई थी। श्रमायुक्त कार्यालय की मध्यस्थता में एफएसएनएल व बीएसपी प्रबंधन तथा एफएसएनएल संघर्ष समिति की सुलह बैठक में आज लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय होने पर हड़ताल स्थगित कर दी गई।

## यूनियनें कर रही थीं अन्य कंपनियों को काम देने का विरोध



एफएसएनएल बचाओ संघर्ष समिति और बीएसपी प्रबंधन तथा एफएसएनएल प्रबंधन के बीच हुई समझौता बैठक में दोनों पक्षों की समिति के प्रमुख मांगों पर जैसे टेंडर में श्रमिकों की सेवा निरंतर रहे तथा उनके वेतनमान तथा सेवा शर्तों पर कोई विपरीत प्रभाव न पड़े। इस संबंध में दोनों पक्षों में मैराथन चर्चा बाद औद्योगिक शांति के लिए एफएसएनएल व कर्मियों के हित में निर्णय लिया गया। इस पर दो अप्रेल को श्रमायुक्त कार्यालय में दोनों पक्षों की बैठक में औपचारिक मुहर लगेगी ।समिति के अरुण सिसौदिया व गजेंद्र सिंह ने बताया कि एफएसएनएल जो काम भिलाई इस्पात संयंत्र में 1979 से कर रहा थे वह काम सेल ने टेंडर करते हुए 750 करोड़ के काम को चार छोटे छोटे भाग में कर के अयोग्य और अक्षम कम्पनियों को आधे से कम दर पर काम एल-1 के आधार पर आबंटित कर दिया । अपना भविष्य अंधेरे में देख इसके विरोध में मजदूरों की छंटनी व कम वेतन भत्ते मिलने के डर से मजदूरों और यूनियन ने 30 मार्च को हड़ताल घोषित कर दिया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए केन्द्रीय श्रमायुक्त रायपुर ने 23 मार्च व 25 मार्च को बैठक आयोजित कर यूनियन की मांगों पर बीएसपी प्रबंधन व एफएसएनएल प्रबंधन को 27 मार्च तक एक सहमति बनाकर यूनियन से समझौता कर 2 अप्रेल को रायपुर श्रमायुक्त कार्यालय को मांगों के संबंध में अवगत करने का सलाह दिया था।

### लंबित मांगों पर दोनों पक्षों में सहमति

इसके फलस्वरूप बीएसपी डायरेक्टर इंचार्ज व एफएसएनएल के प्रबंध निर्देशक की सहमति के बाद रविवार को मुख्यालय में दोनों पक्षों के मध्य समझौता हस्ताक्षर हुआ। मांगों पर सहमति बनने पर हड़ताल स्थगित किया गया । बाद सौहाद्रपूर्णईमाहौल में दोनों पक्षों में सहमति हुई । समिति की मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाए तथा विवाद की निराकरण के लिए 2 अप्रेल को क्षेत्रीय श्रमायुक्त (केन्द्रीय) रायपुर के समक्ष प्रबंधन अपना पक्ष रखेगा । प्रबंधन ने समिति के सदस्यों से अपील की 30 मार्च की प्रस्तावित हड़ताल वापस लें। 2 अप्रेल को क्षेत्रीय श्रमायुक्त ( केन्द्रीय) द्वारा दोनों पक्षों के बीच आयोजित बैठक में भाग लेगी । बैठक के बाद एफएसएनल बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक गजेन्द्र सिंह, राजू लालश्रेष्ठ, अरुण सिंह सिसोदिया ने आश्वस्त होते हुए कहा कि सभी श्रमिकों,सदस्यों, कर्मचारियों, अधिकारियों के सहयोग से सफलता मिली। साथ ही दो दिन पूर्व ही एक यूनियन द्वारा हड़ताल स्थगित किए जाने के प्रचार को पाकेट यूनियन का दुष्प्रचार बताते हुए मजदूरों सजग रहने की अपील की गई।बैठक में समिति के उक्त नेताओं के अलावा मोहम्मद तनवीर, जी अशोक, जीपी चौधरी, विश्वजीत दासव समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे ।

# साइबर सुरक्षा और नशीले पदार्थों पर पांबदी के लिए हेल्प लाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

साइबर सुरक्षा और नशीले पदार्थ की तस्करी को पूरी तरह पाबंदी के लिए हेलप्ए लाइन नंबर 1930 (साइबर पोर्टल) ,1933(मानस पोर्टल) को जमकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। हेल्पलाइन नंबर 1930 के माध्यम से नागरिक साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, वित्तीय धोखाधड़ी की शिकाय तुरंत करा सकते हैं। जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई संभव हो सके। वहीं हेल्पलाइन नंबर 1933 के माध्यम से नशीले पदार्थों के अवैध तस्करी की जानकारी पुलिस तक पहुंचाई जा सकती है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने सभी थाना प्रभारियों, राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिले के सभी सार्वजनिक स्थलों जैसे स्कूल, कॉलेज, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर इन हेल्पलाइन नंबरों के स्टीकर अनिवार्य रूप से लगाने को कहा है। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, साइबर अपराध, नशीले पदार्थों से जुड़ी जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930,1933 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।




# निस्तारी तालाबों में पानी भरने की तैयारी, सफाई शुरू

**भिलाई।** कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उपसंभाग दुर्ग द्वारा जारी आदेश के तहत मार्च-अप्रैल माह में निस्तारी तालाबों में पानी भरने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के सभी निस्तारी तालाबों में ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए यथासंभव पानी भरने की तैयारी शुरू कर दी गई है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा है कि तालाबों में पानी भरने से पहले उनकी समुचित सफाई कराना आवश्यक है। इसके लिए संबंधित जोनों में विशेष अभियान चलाकर तालाबों की गाद निकासीए कचरा साफ करने एवं जलभराव के मार्ग को सुचारू बनाने का कार्य किया जाएगा। आयुक्त ने कहा कि गर्मी के मौसम में आमजन एवं पशुओं के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। इसलिए समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि तालाबों में पर्याप्त जल संग्रहण हो सके। नगर निगम ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करें, जिससे ग्रीष्मकाल में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो।



# एमएसएमई की नई कार्यकारिणी गठित के के झा अध्यक्ष, खुराना वरिष्ठ उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग एमएसएमई जिला उद्योग संघ दुर्ग का वार्षिक सम्मेलन हुआ। इसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में उद्योगपतियों ने भाग लेकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। यह सम्मेलन कन्हैया स्टील इंडस्ट्रीज स्थित संघ कार्यालय में आयोजित हुआ, जहां उद्योगपतियों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए नए कार्यकाल की शुरुआत की।

- बीएसपी में स्थानीय और सहायक उद्योगों को क्षमता के अनुरूप कार्य दिए जाने की मांग

सर्वसम्मति से केके झा को संघ का अध्यक्ष चुना गया। हरविंदर सिंह खुराना को वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि दुआ व्यास प्रसाद शुक्ला और मयूर कुकरेजा को उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। महासचिव के रूप में अंकित मेहता तथा सचिव पद पर निश्चय झा को दायित्व सौंपा गया। वहीं कोषाध्यक्ष के रूप में विजय अग्रवाल शाह और भगवान अग्रवाल को नियुक्त किया गया। संयुक्त सचिव के रूप में मुदित राठी एवं नितिन जैन को जिम्मेदारी दी गई। कार्यकारिणी में आरके सिंह, रामकुमार बंसल, देशराज यादव, अनिल शुक्ला, अंशुल जैन, विवेक झा, शिवम बंसल, पवन भाटिया, अमन मेहता, सौरव कव्वालियां, मनोज अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, संदीप सिंह एवं सौरभ राय सहित कुल 21 कार्यकारिणी सदस्य शामिल किए गए। मुख्य सलाहकार के रूप में वरिष्ठ उद्योगपति एस स्वामीनाथन और संतोष शर्मा को नियुक्त किया गया, जबकि विधि सलाहकार के रूप में अधिवक्ता रणजीत मिश्रा व प्रवेश लखवानी को जिम्मेदारी सौंपी गई। पब्लिक रिलेशन की जिम्मेदारी अतुल शर्मा को दी गई।

# बीएसपी के सेवानिवृत्त अधिकारियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा फरवरी और मार्च माह में सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा और उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन, सिविक में किया गया। कार्यक्रम में सेफी के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, महासचिव अंकुर मिश्रा सहित कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू, सचिव प्रहलाद मौर्य, अनु पी उपस्थित उपस्थित थे।

- बीएसपी ओए का सम्मान समारोह

सेवानिवृत्त हुए विद्या सागर देवांगन, जीएम, विकास कुलकर्णी, रूपनारायण शर्मा, डिप्टी मैनेजर तथा मार्च में मुनीश कुमार गोयल, सीजीएम समीर गुप्ता, सीजीएम, डॉ. रूचिर भटनागर, एडिशनल सीएमओ देवेन्द्र श्रीवास्तव, जीएम एन आशा, डीजीएम अभिमन्यु महाराना, एजीएम टीएस ब्लेशन, जीवन लाल धुरव, सीनियर मैनेजर, मालाकोन्डेश्वर राव वेमुला, सीनियर मैनेजर डेनिस क्रिस्टी, डिप्टी मैनेजर एन अनंतरामा रमेश, का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन ओए कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू और आभार प्रदर्शन महासचिव अंकुल मिश्रा ने किया।

इस अवसर परपरविन्दर सिंह, वेणु गोपाल देवांगन, आर के महाराना एवं ओए जोनल प्रतिनिधि संजय तिवारी, एस सी साहू, मिलिंद बंसोड़, विरेन्द्र सिंह, संदीप बोरकर, संजीव कुमार सोनी, एम के गुलाटी, अखिल मिश्रा, रोहित हरित, अंकुर राठौर, आदित्य दुबे थालेश सिन्हा, सोमेश द्विवेदी, श्रवण कुमार शुक्ला, सरोजन प्रसाद, राजुल कुमार पाण्डेय, विनीत वर्मा, अभिषेक राठौर, विकास सिन्हा, श्वेत मिश्रा, राजूल पाण्डेय, एक्स-ओए अध्यक्ष एस आर दास, एक्स ओए महासचिव जे बी पाटिल आदि उपस्थित थे।




### अभिनंदन पत्र से सम्मानित

ओए द्वारा अभिनंदन पत्र एवं सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्तों ने अनुभवों को बांटा। श्री बंछोर ने कहा कि यह सम्मान सभी अधिकारियों के उत्कृष्ट योगदान का सम्मान है। बीएसपी ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं उन्हें प्राप्त करने में आप जैसे कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का योगदान है। महासचिव अंकुर मिश्रा सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा अपने सेवाकाल में किए गए उत्कृष्ट कार्यों का वर्णन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य व सुखद स्वास्थ्य की कामना की, उन्होंने कहा कि आज का यह अवसर भावनाओं से परिपूर्ण है, एक ओर हम अपने अनुभवी और समर्पित अधिकारियों को विदाई दे रहे हैं, तो दूसरी ओर उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित करने का गौरव भी प्राप्त कर रहे हैं।

## मरम्मत के चलते 1 से 30 अप्रैल तक, सुबह 9 से 12 बजे तक रियल टाइम रिहर्सल होगा

# कुम्हारी खारून नदी ब्रिज माह भर रहेगा बंद, ट्रैफिक डॉयवर्सन होगा लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कुम्हारी स्थित खारुन नदी ब्रिज में मरम्मत काम होने के कारण 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक पूरी तरह बंद रहेगा। इसे लेकर पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 भिलाई में बैठक लेकर नदी ब्रिज में प्रस्तावित मरम्मत कार्य को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने बैठक लिया गया। एएसपी ट्रैफिक रिचा मिश्रा अपर कलेक्टर वीरेंद्र ठाकुर जिला प्रशासन, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, बीएसपी, निर्माण एजेंसी के अधिकारी भी मौजूद थे। सभी प्रस्तावित डायवर्सन मार्गों का विस्तृत परीक्षण कर ट्रैफिक दबाव, मार्ग की स्थिति, संभावित जाम बिंदुओं एवं वैकल्पिक मार्गों की उपलब्धता का आकलन किया गया। ट्रैफिक डायवर्सन व्यवस्था को अंतिम रूप दिया गया। एसएसपी विजय अग्रवाल द्वारा सभी अधिकारियों और ट्रैफिक प्रभारी को सम्पूर्ण मार्ग व्यवस्था का भ्रमण कर आकलन रिपोर्ट देने निर्देश दिया है। नेशनल हाइवे 53 कुम्हारी खारून नदी ब्रिज मरम्मत कार्य हल्के वाहन (कार, जीप टाटा एस, पिक-अप) का डायवर्सन प्लान बनाया गया है। जिसमें दुर्ग से रायपुर एयरपोर्ट, नया रायपुर, मंत्रालय, आरंग, अभनपुर की ओर जाने वाले हल्के वाहन नेवई उतई-सेलूद पाटन अभनपुर मार्ग, सुपेला, भिलाई, रिसाली, नेवई से रायपुर की ओर जाने वाले हल्के वाहन उतई- सेलूद ढौर औरी-मोतीपुर अमलेश्वर से रायपुर मार्ग, खुर्सीपार, चरोदा, भिलाई-3 से रायपुर की ओर जाने वाले हल्के वाहन सिरसा गेट- सिरसा खुर्द औरी-मोतीपुर अमलेश्वर से रायपुर मार्ग, नंदिनी, अहिरवारा, कुम्हारी से रायपुर की ओर जाने वाले सभी प्रकार के हल्के वाहन कुम्हारी टोल पार कर दाहिने पुल से होकर खारून नदी ब्रिज से आवागमन करेंगे।



### कार चालक व बाइक पुराना रपटा पुल का उपयोग करें

रायपुर से दुर्ग की ओर डायवर्सन प्लान के तहत भनपुरी, गुढ़ियारी, हीरापुर, टाटीबंध से दुर्ग जाने वाले हल्के वाहन चालक (कार चालक एवं बाइक) चन्दनीडीह से लेफ्ट होकर पुराना रपटा पुल का प्रयोग कर कुम्हारी टोल तक जा सकेंगे। रायपुर से दुर्ग की ओर जाने वाले हल्के वाहन (कार एवं मोटरसाइकिल ) रायपुरा से महादेवघाट की ओर मुड़कर अमलेश्वर मोतीपुर होकर भिलाई दुर्ग जाने के लिए इस मार्ग का उपयोग करे। नेशनल हाइवे 53 कुम्हारी खारून नदी ब्रिज मरम्मत काम भारी मध्यम वाहन का डायवर्सन प्लान है। राजनांदगांव से रायपुर जाने वाले भारी वाहनों को दुर्ग बाई-पास मार्ग पर बाफना टोल प्लाजा के पास प्रातः 8:30 बजे से 10:30 बजे तक रोका जाएगा, औद्योगिक क्षेत्र, ट्रांसपोर्ट नगर भिलाई से निकलने वाले भारी वाहनों को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक कुम्हारी की ओर जाना निषेध रहेगा।

